# जो किसान अपनी जमीन बचा लेगा, वो भविष्य का बादशाह होगा : टिकैत

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- शुगर मिल बंद होने के लिए विस अध्यक्ष दोषी, संयुक्त मोर्चा के जन सत्याग्रह में सर्वदलीय नेताओं ने कहा मिलकर करेंगे संघर्ष**






**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 सितंबर ।** केन्द्र की सरकार किसानों से उनकी खेती की जमीनों को छीनकर कार्पोरेट के हाथों में देने की फिराक में है। जिन किसानों की फसलें मंडियों में बिक नहीं रहीं, उनकी खेती की जमीनों को खरीददार तैयार बैठे है। जमीनों को बचाने के लिए किसानों को आंदोलन करने होंगे। अगर जमीन बेच दी तो किसान को मजदूरी करना पड़ेगी। जो किसान अपनी जमीनों को बिकने से बचा लेगा, वो ही आने वाले भविष्य में बादशाह होगा। यानि जो खेतों में काम करेगा, वो ही देश पर राज करेगा। मप्र की सरकार जब तक कैलारस शुगर मिल को चालू नहीं करेगी, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

यह बातें राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत ने कहीं। वे, रविवार को स्थानीय जीवाजीगंज में आयोजित किसान महापंचायत एवं जन सत्याग्रह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। किसान नेता टिकैत ने कहा कि किसानों के हित में एमएसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए। बीते 15 सालों में एमएसपी से नीचे कीमतों पर फसलों के बिकने से 15 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने किसानों से देशी बीज को बचाने और सरकार द्वारा भविष्य में लाए जाने वाले जीएम-सीड (जेनेटिकली मोडिफाईड बीज) का उपयोग न करने की सलाह दी।

उन्होंने किसानों को अपने बच्चों को खेती-किसानी से जोड़ने का आव्हान किया। ट्रेक्टर को किसान का हथियार बताते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को आंदोलन वहां करना चाहिए, जहां तक उनके ट्रेक्टर पहुंच सके। सत्याग्रह में राजस्थान के किसान नेता सांसद अमराराम ने कहा कि बीते 15 साल में भाजपा की सरकारों ने मप्र को 11 गुना कर्ज में डुबो दिया है। कैलारस शुगर मिल को बेचने से सरकार का कर्ज नहीं चुकेगा।

**जानिए, सत्याग्रह में किस नेता ने क्या कहा :** बादल सरोज (माकपा):- पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बंदा जब भी टीवी पर बोलता है, कुछ न कुछ अशुभ बोलता है। मुरैना जिले के टेंटरा में आवारा सांड़ों से परेशान होकर ग्रामीण उन्हें मोदी-अमित शाह कहने लगे है। उन्होंने आरएसएस व कार्पोरेट को कौआ के समान बताया।

पंकज उपाध्याय (विधायक जौरा):- चंबल के लोगों ने हथियार छोड़े है, लेकिन लड़ना और संघर्ष करना भूले नहीं है। शुगर मिल की जमीन को बेचने वाली सरकार कब्जा लेने पहुंचीं तो खून की नदियां बहेंगी। शरीर में अंतिम सांस चलने तक शक्कर कारखाने के लिए संघर्ष करूंगा।

**महेशदत्त मिश्र (पूर्व विधायक) :** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर नहीं चाहते कारखाना चालू हो। पूर्व विधायक श्री मिश्र ने विस अध्यक्ष तोमर को मिल चोर कहते हुए उपस्थित लोगों से मिल चोर-गद्दी छोड़ के नारे भी लगवाए।

सत्यपाल सिकरवार (पूर्व विधायक):- जो नेता अपने नाम से देश में मुरैना की पहचान होने का दावा करते है, शुगर मिल को चालू करवाकर दिखाएं। मुरैना की पहचान पं. रामप्रसाद बिस्मिल, पटियावाले बाबा सहित अन्य संत-महात्माओं से देशभर में होती है।

**सत्याग्रह को इन नेताओं ने भी किया संबोधित :** किसान सभा के अशोक तिवारी, भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया, पूर्व मंत्री राकेश चौधरी भिंड, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर आदि ने भी जन सत्याग्रह को संबोधित किया।

### 2028 में मप्र में किसान बनाएंगे कांग्रेस की सरकार : पटवारी

जनसत्याग्रह में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कैलारस शुगर मिल के आंदोलन में कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि 2028 में किसान ही मप्र में कांग्रेस की सरकार बनाएगें। उन्होंने कैलारस शुगर मिल के बंद और परिसमापन के लिए मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को जिम्मेदार बताया।

### पीएम व मुख्यमंत्री के नाम तीन ज्ञापन सौंपे

सत्याग्रह के बाद शक्कर कारखाना चलाओ संघर्ष समिति और संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में मौके पर पहुंचें एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तीन ज्ञापन सौंपे। जिनमें शुगर मिल चालू करने सहित किसानों से जुड़ी अन्य मांगें शामिल थीं।

# वोट चोरी नहीं होती तो मुरैना का सांसद सत्यपाल होता : जीतू





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 सितंबर ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वोट चोरी का खुलासा कर भाजपा द्वारा सत्ता पर जनता से छलावा कर काबिज होने की पोल खोल दी है। 2024 लोकसभा चुनाव में अगर वोट चोरी नहीं हुई होती तो मुरैना-श्योपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू की हार नहीं होती, आज सत्यपाल सिंह मुरैना-श्योपुर के सांसद होते।

यह बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कही। श्री पटवारी,

**किसान आंदोलन में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा**

रविवार को स्थानीय मेला ग्राउंड में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान व महिलाओं पर अत्याचार होने के झूठे नारे गढ़कर केन्द्र की सत्ता पर काबिज होने वाली नरेन्द्र मोदी सरकार के राज में मंहगाई चरम पर है। युवा बेरोजगारी से जूझ रहे है। कैलारस शुगर मिल आंदोलन को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी ने कहा कि यह किसानों, युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई है। उनके संघर्ष में कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगी। इससे पहले भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया ने कहा कि भाजपा के शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, महिलाओं एवं अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे है। श्री बरैया ने कहा कि भाजपा के शासन में जो आज कंकड़ फेंक रहे है, कांग्रेस की सरकार आने पर उनको पत्थर से जबाव दिया जाएगा। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि कैलारस शक्कर कारखाने को चालू करने के आंदोलन को अंजाम तक लेकर जाएगें। स्वागत भाषण कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने दिया। प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी का पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार ने बड़े पुष्पहार से स्वागत किया और गदा भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गांधी, दीपक शर्मा, उदयवीर सिंह सिकरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान उपस्थित थे।

**भाजपा को छोड़कर दो दर्जन लोग कांग्रेस में हुए शामिल :** जनसभा में भाजपा को छोड़कर आए करीब दो दर्जन लोगों ने प्रदेशाध्यक्ष पटवारी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिनमें रामप्रकाश गुर्जर, ऊदल सिंह गुर्जर, रामसेवक, सुरेश गुर्जर आदि शामिल थे।

**जेसीबी से पुष्पवर्षा, आतिशबाजी कर किया स्वागत :** मेला ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार के समर्थकों ने प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने जेसीबी मशीनों से पुष्पवर्षा की और आतिशबाजी भी की।

## एक नजर में

### सेवा पखवाड़ा जीवन को बेहतर दिशा देने का संकल्प : अंजना

**मुरैना/कैलारस, 21 सितंबर ।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत बीते रोज कस्बा कैलारस के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल मुख्य रूप से उपस्थित थीं।



कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती बंसल के साथ मिलकर स्कूल की छात्राओं ने परिसर में साफ-सफाई की और पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती बंसल ने कहा कि छात्र जीवन सीखने का समय होता है। पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर दिशा देने का संकल्प है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा सहित स्टाफ ने छात्राओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कैलारस में खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती शर्मा, आयोजन प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कॉर्डिनेटर सोनल बंसल, राजेन्द्र शुक्ला, अखिलेश गौड़, लता धाकड़, आदित्य कुशवाह आदि उपस्थित थे।

### झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से नवयुवक की मौत



**मुरैना।** पेटदर्द और उल्टी की शिकायत होने पर खेड़ा मेवदा स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के पास दवा लेने पहुंचें युवक की हालत बिगड़ गई। तब डॉक्टर उसे अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद डॉक्टर जिला अस्पताल से भाग निकला। जानकारी के अनुसार माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम विसंगपुर निवासी नीरज कुशवाह 22 पुत्र मुरारीलाल कुशवाह को शनिवार की दोपहर पेटदर्द और उल्टी होने की परेशानी हुई, तब नीरज अपनी पत्नी के साथ दवा लेने खेड़ा मेवदा में प्रैक्टिस करने वाले एक झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचा। यहां डॉक्टर ने नीरज को तीन टेबलेट खिलाईं, जिसके बाद उसे ड्रिप लगा दी। ड्रिप चालू होने के कुछ देर बाद ही नीरज की हालत बिगड़ी, उसके मुंह से झाग निकले और बेसुध हो गया। तब झोलाछाप डॉक्टर अपने निजी वाहन से नीरज को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद झोलाछाप चिकित्सक अस्पताल से भाग निकला। सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचें।



# शव को हाईवे पर रखकर चक्काजाम, 4 घंटे फंसे रहे वाहन





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 सितंबर ।** जरैना गांव के पास आसन नदी में डूबने से

**आसन नदी में मिला था शव, परिजन ने बागचीनी पुलिस पर लगाए हत्या के आरोप**

युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजन ने शव को एनएच-552 हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजन द्वारा बागचीनी थाने की पुलिस पर युवक की मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंकने के आरोप लगाए जा रहे थे। चक्काजाम के चलते मुरैना-जौरा के बीच सैकड़ों की संख्या में वाहन 4 घंटे तक फंसे रहे, जिनमें एंबुलेंस भी शामिल थी। मौके पर पहुंचें एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के आश्वासन के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम खोला।

जानकारी के अनुसार बागचीनी क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर गांव निवासी राकेश शर्मा 38 पुत्र बुद्धाराम शर्मा का शव रविवार की सुबह आसन नदी से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद सुबह करीब 11.30 बजे परिजन उसे लेकर एनएच-552 हाईवे पर पहुंचें और सुमावली मोड़ के पास हाईवे पर शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे हाईवे पर मुरैना-जौरा के बीच यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। सूचना मिलने के बाद बागचीनी थाने की पुलिस सहित एसडीओपी जौरा नितिन बघेल, एसडीएम जौरा शुभम शर्मा और मुरैना से एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों का कहना था कि बागचीनी थाना पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने से राकेश की मौत हुई है, हत्या को छुपाने के लिए पुलिस ने उसके शव को आसन नदी में फेंका है। उनके द्वारा बागचीनी पुलिस के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की जा रही थी। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर ने परिजन को विश्वास दिलाया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई होगी। तब कहीं जाकर परिजन माने और चक्काजाम खुला। जिसके बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

### परिजन ने कहा फसल के लिए मजदूर लेने गया था राकेश

मृतक राकेश के परिजन का कहना था कि वो अपने गांव से फसल संबंधी काम के लिए मजदूर लाने को जरैना के पास भवनपुरा गांव जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद वो घर नहीं लौटा।

**कीरतपुर निवासी मृतक इन दिनों रह रहा था मुरैना :** बताया जा रहा है कि मृतक राकेश मूलत : कीरतपुर गांव का रहने वाला था। उसकी ससुराल बिलगांव में थी। बीते कुछ समय से राकेश अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मुरैना में किराए के मकान में रह रहा था।

### 4 घंटे तक जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन, एंबुलेंस

एनएच-552 हाईवे पर चक्काजाम के कारण सैकड़ों की संख्या में वाहन हाईवे पर फंस गए। जौरा और मुरैना दोनों साइड कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। जाम में फंसें इन वाहनों में एंबुलेस भी शामिल थी। चक्काजाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष . . .

### दिल्ली की कलम बेईमान, खेत . . .

उन्होंने कहा कि जो सरकार देश की राजधानी को लगातार 13 महीनों तक किसानों से घिरवाकर बैठी रहीं, ऐसी सरकार से उम्मीद करना बेका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार बेईमान है, वो किसानों के लिए गणित के सवालों में कभी हासिल नहीं लगाती। इससे पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर कैलारस शुगर मिल चालू करने को लेकर बार-बार झूठ बोलते है। मुख्यमंत्री रहते मप्र में झूठ बोलने वाले शिवराज सिंह चौहान अब केन्द्रीय कृषि मंत्री बनकर देशभर में झूठ बोल रहे है। उन्होंने किसानों को धरती पर मानव जीवन को चलाने वाला भगवान बताया। श्री पटवारी ने कहा कि अगर मप्र की सरकार ने शुगर मिल आंदोलन पर ध्यान नहीं दिया तो किसान पूरे मप्र में आंदोलन की आग लगा देंगे। जन सत्याग्रह को राजस्थान के किसान नेता सीकर के सांसद अमराराम, माकपा नेता बादल सरोज, मप्र किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। सत्याग्रह का संचालन अशोक तिवारी ने किया।

## आनंदधाम में आज से मनाया जाएगा शारदीय नवरात्र महोत्सव

**मुरैना, 21 सितंबर ।** शहर में माधौपुरा स्थित आनंदधाम (वृद्धाश्रम) में शारदीय नवरात्र महोत्सव आज 22 सितंबर से धूमधाम से मनाया जाएगा।

महोत्सव का शुभारंभ आज सोमवार को घटस्थापना के साथ होगी। जिसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महोत्सव में प्रतिदिन विविध संगठनों के माध्यम से संकीर्तन एवं आरती से पूर्व माता की भेंटों का सामूहिक गायन किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से आनंदधाम में रहने वाले वृद्धजनों को भक्तिमय माहौल से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## कूनो के चीतों का कैलारस क्षेत्र में मूवमेंट, ग्रामीणों में दहशत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 21 सितंबर ।** कूनो सेंचुरी से निकले चीतों की मूवमेंट अब कैलारस क्षेत्र में देखने को मिल रही है। ग्रामीण इलाकों में चीतों के दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा चीतों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया है। जो वायरल हो रहा है।

जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत किसरौली के रांकरा गांव में बीते 15 दिनों से चीतों का मूवमेंट बना हुआ है। बीते दिनों चीतों द्वारा गाय और बकरियों का शिकार भी किया गया। जिससे ग्रामीण अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ग्रामीणों के अनुसार चीतों की संख्या चार है। इन दिनों क्षेत्र में खरीफ फसलों की कटाई सहित जुताई का सीजन चल रहा है, जिससे ग्रामीण खेतों में काम कर रहे है, ऐसे में चीतों का मूवमेंट होने से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। सरपंच किसरोली दामोदर धाकड़ ने वन विभाग के अधिकारियों से चीतों को ट्रेक कर सेंचुरी में ले जाने की मांग की है। चीतों का मूवमेंट किसरौली, रांकरा, कटीलापुरा, बराहना, विरावली और गस्तौली गांवों में देखने को मिल रहा है।

# पितरौं को तर्पण करने गया युवक क्वारी नदी में डूबा, मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 सितंबर ।** पोरसा व रामपुरकलां कस्बे में क्वारी नदी में डूबने से एक युवक व एक किशोरी की मौत हो गई। युवक

**रामपुरकलां में सांझी विसर्जन को गई किशोरी की डूबने से मौत**

पितरों की आत्मशांति के लिए तर्पण करने गया था और किशोरी सांझी विसर्जित करने बातेड़ रपटे पर गई थी, तभी हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार पोरसा कस्बे की साधु सिंह गली में रहने वाले आदित्य उर्फबिट्ठू सिकरवार 32 पुत्र श्री भगवान सिंह रोज की तरह रविवार को सुबह 8.30 पितरों का तर्पण करने के लिए बुधारा स्थित क्वारी नदी के घाट पर गया था। पितरों का तर्पण करने के बाद वह डाब यानि पानी देने में उपयोग होने वाली घास-फूस को विसर्जित करने के लिए नदी किनारे पानी में उतरा। वह जिस जगह नदी में डाब विसर्जित करने उतरा, वहां नदी की गहराई अधिक थी और पानी ज्यादा था, जिससे वह पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस-प्रशासन को दी। सुबह 11◦30 बजे एसडीआरएफ की टीम ने नदी में सर्चिंग की। एक-डेढ़ घंटे की सर्चिंग के बाद आदित्य उर्फबिट्ठू का शव नदी से निकाला जा सका।

### पैर फिसलने से रपटा से नदी में गिरी किशोरी, मौत

रामपुरकलां क्षेत्र में बातेड़ गांव की रहने वाली रूबी 15 पुत्री रामखिलाड़ी जाटव रविवार को गांव की अन्य लड़कियों के साथ सांझी विसर्जित करने के लिए गई थी। बातेड़ के रपटा पर खड़ी होकर व पूजा .अर्चना कर रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह क्वारी नदी में जा गिरी। परिजन की मौजूदगी में ग्रामीणों ने रूबी को नदी से बाहर निकाला और उसे अस्पताल ले गएए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत पर रामपुरकलां पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# सहकारिता हमारी संस्कृति व परम्परा का हिस्सा : नरेन्द्र तोमर






**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 21 सितंबर ।** सहकारिता हमारी संस्कृति और परंपराओं का हिस्सा है। ग्रामीण इलाकों में लोग एक-दूसरे के सहयोग से कार्य करते थे और अनाज भी उगाते थे। देश के

**व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक की वार्षिक साधारण सभा में मप्र विधानसभा अध्यक्ष ने कहा**

कई स्थानों पर सहकारिता ने वृहद स्तर पर विकास किया है। चंबल अंचल में भी हम सबको मिलकर सहकारिता को फिर से उसी स्तर पर लेकर जाना है। व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक ने उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए प्रगति के नए सोपान तय किए है। बैंक का एनपीए शून्य प्रतिशत हुआ है, इसके लिए संचालक मंडल, अध्यक्ष सहित बैंक के कर्मचारियों का कार्य प्रशंसनीय है।

यह बात मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर, रविवार को माधौपुरा की पुलिया स्थित गुप्ता बैंक्वेट हॉल में आयोजित व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक की 50 वीं वार्षिक साधारण सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को आर्थिक रूप से विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने का कार्य किया है। केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती को लेकर श्री तोमर न कहा कि पीएम मोदी ने देश को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के लक्ष्य को पाने के लिए सदस्यों को प्रयास करना चाहिए। आज बैंक की स्थिति मजबूत हुई है। बैंक को प्रगति तक लाने के लिए बैंक संचालक मंडल अध्यक्ष एवं अधिकारी, कर्मचारियों को उन्होंने बधाई दी। इससे पूर्व कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्जुन सिंह परिहार ने बैंक की प्रगति रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष श्रीमती गीता अनिल ने कहा कि बैंक द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए शीघ्र ही एटीएम व नेट बैंकिंग सेवा प्रारंभ की जाएगी। बैंक का विस्तार करते हुए जिले में तीन नवीन शाखाओं को चालू करने के प्रयास भी किए जा रहे है। इससे पूर्व कार्यक्रम को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर और बैंक के सदस्यों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में बैंक के संचालक मंडल और अध्यक्ष श्रीमती गीता गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और सांसद शिवमंगल सिंह तोमर का पगड़ी पहनाकर कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एफडी करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत भी किया गया और बैंक के पूर्व सदस्य कर्मचारीगणों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत गोयल ने किया और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष उमा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अतुल गुप्ता उपाध्यक्ष, श्रीमती उमा अग्रवाल उपाध्यक्ष, रघुनंदन सिंह कुशवाह, पंकज गुप्ता, मुन्नालाल पटेल, नीरज अग्रवाल, अशोक गोयल, कमलेश बंसल, राजेन्द्र प्रसाद मित्तल, गिर्राज अर्गल, सुरेश सिंह कुशवाह वृत्तीक संचालक, सीए प्रमोद गर्ग वृत्तीक संचालक आदि मौजूद थे।